हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 1 अप्रैल 2024

06 कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ रही...



07 जल संकट की समस्या से जूझ रहे लोग कॉलोनी में...





**लोकसभा क्षेत्र**
होशंगाबाद

1 **भाजपा प्रत्याशी**
दर्शन सिंह चौधरी

2 **कांग्रेस प्रत्याशी**
संजय शर्मा

**पिछली बार कौन जीता**
राव उदय प्रताप

**जीत का अंतर**
5 लाख 53 हजार 682

## क्या रहेंगे मुद्दे?

अवैध रेत खनन यहां का बड़ा मुद्दा है। इसके अलावा यहां नहरों की लाइनिंग की मांग काफी पुरानी है। कृषि आधारित इंडस्ट्रीज यहां की पुरानी मांग है, जबकि एक भी बड़ा कॉलेज न होने से विद्यार्थी काफी परेशान हैं। किसी प्रकार का आईटी उद्योग नहीं है। आईटी पार्क की भी पुरानी मांग है। होशंगाबाद लोकसभा के हर चुनाव में शिक्षा व रोजगार को लेकर कई वादे किए जाते हैं, लेकिन कभी कोई वादा पूरा नहीं हुआ। इसको लेकर अभी हाल ही में शिक्षा हब बनाने की प्लानिंग बनी, लेकिन उस पर भी अभी कोई काम नहीं हुआ। इस बार होशंगाबाद के मतदाता अपनी पुरानी मागों को उम्मीदवारों के सामने रखने का मन बना चुके हैं।

### होशंगाबाद लोकसभा सीट पर कभी भी जातीय आधार पर सफलता नहीं मिल सकी

# दूसरे दलों ने पत्ते नहीं खोले, भाजपा-कांग्रेस में मुकाबला

*होशंगाबाद लोकसभा सीट मध्यप्रदेश में हमेशा चर्चित सीट रही है, क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह यहां से चुनाव हार चुके हैं और पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा जीत चुके हैं। कर्नाटक से आए नेता भी चुनाव जीत चुके हैं। वर्ष 2019 में भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की थी। इस सीट से भाजपा के राव उदय प्रताप सिंह ने कांग्रेस के दीवान शैलेंद्र सिंह को 5 लाख 53 हजार 682 वोटों के बड़े अंतर से हराया था।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

आनंद सक्सेना ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश की होशंगाबाद लोकसभा पर इस बार कांग्रेस ने संजय शर्मा तो भाजपा ने दर्शन सिंह चौधरी को चुनावी मैदान में उतारा है। यही कारण है कि अब इस सीट का मुकाबला दिलचस्प हो चुका है।

होशंगाबाद लोकसभा सीट से भाजपा ने होशंगाबाद नरसिंहपुर सीट से किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी को प्रत्याशी घोषित किया है। इसके बाद से चौधरी लगातार लोकसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं। दर्शन सिंह किरार धाकड़ समाज से आते हैं। उन्हें पूर्व सीएम शिवराज सिंह का करीबी माना जाता है। वहीं कांग्रेस ने तेंदुखेड़ा के



दर्शन सिंह चौधरी



संजय शर्मा

पूर्व विधायक संजय शर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। शर्मा ने भी चुनावी अभियान की शुरूआत कर दी है। होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में संजय शर्मा पूर्व में चुनाव प्रभारी भी रह चुके हैं। गौरतलब है कि होशंगाबाद लोकसभा सीट पर 1951 से लेकर 2019 तक 16 आम चुनाव हो चुके हैं, जिनमें से 6 बार कांग्रेस ने जीत हासिल की है। जबकि 8 चुनावों में भाजपा ने जीत हासिल की है। इसके अलावा 2 बार दूसरे दलों को जीत मिली है। यहां से वर्ष 1967 और 1971 में कांग्रेस प्रत्याशी नीतिराज सिंह लगातार 2 बार जीत हासिल की थी। वर्ष 1977 में पहली बार इस सीट पर कांग्रेस और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के बजाय जनता पार्टी ने चुनाव जीता था। वर्ष 1980 और 1984 में कांग्रेस के रामेश्वर नीखरा लगातार दो बार सांसद चुने गए, लेकिन वर्ष 1989 में भाजपा के सरताज सिंह ने पहली बार जीत हासिल की और वर्ष 1999 तक लगातार यहां से चुनाव जीतते रहे।

वर्ष 2009 में लंबे समय बाद कांग्रेस की वापसी हुई, लेकिन वर्ष 2014 और 2019 में भाजपा ने यहां से फिर जीत हासिल की थी। इस समय लोकसभा चुनाव को लेकर माहौल अलग है। इसलिए साफ तौर पर कुछ कहा नहीं जा सकता है। मतदान और वोटों की गिनती के बाद ही स्थिति साफ होगी।

### विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का सफाया

पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को एक भी सफलता नहीं मिली। सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। सांसद रहते हुए उदय प्रताप सिंह विधानसभा चुनाव जीते और मंत्री बने। बता दें कि होशंगाबाद लोकसभा सीट से वर्ष 1951 के पहले आम चुनाव में कांग्रेस के सैयद अहमद ने जीत दर्ज की थी। जबकि वर्ष 1952 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ था, जिसमें प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के एचवी कामथ चुनाव जीते थे। वर्ष 1957 में कांग्रेस ने यहां वापसी की थी। यह वापसी अगले चुनाव यानि कि वर्ष 1962 में फिर प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के हरिविष्णु कामथ के पाले में गई।

### आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं लोकसभा में

होशंगाबाद लोकसभा सीट में नर्मदापुरम, सोहागपुर, सिवनी मालवा और पिपरिया आते हैं, जबकि नरसिंहपुर जिले की नरसिंहपुर, तेंदुखेड़ा और गाडरवारा विधानसभा सीट शामिल है। इसके अलावा रायसेन जिले की उदयपुरा विधानसभा सीट भी होशंगाबाद लोकसभा सीट में ही आती है। होशंगाबाद लोकसभा सीट भाजपा का मजबूत गढ़ मानी जाता है। यही कारण है कि इस सीट पर कई दिग्गज मैदान में उतरते रहते हैं। इस सीट पर पहले 2 पूर्व मुख्यमंत्री भी अपनी भाग्य आजमा चुके हैं। कांग्रेस के दिग्गज नेता अर्जुन सिंह यहां से चुनाव लड़े थ, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वहीं भाजपा के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा ने 1999 में यहां से जीत हासिल की थी।

### आबादी में जातियों का समीकरण

होशंगाबाद लोकसभा सीट में लोधी कुर्मी लोवंशी 12 प्रतिशत किरार 6 प्रतिशत, ब्राह्मण 2 7 प्रतिशत, रघुवंशी 12 प्रतिशत गौंड 9 प्रतिशत, मुस्कान 7 प्रतिशत, बौद्ध 2 प्रतिशत, जैन 1 प्रतिशत, एसटी 12.5 प्रतिशत, एसटी 16.5 प्रतिशत ठाकुर 5 प्रतिशत है। यहां कभी भी जातीय आधार पर वोटिंग नहीं हुई। यहां से सैयद मुशा से लेकर उदय प्रताप सिंह तक हमेशा कम वोटर वाली जाति के प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। सरताज सिंह 3 बार जीते, जबकि सिख वोटर न के बराबर है। रामेश्वर नीखरा 2 और सुंदरलाल पटवा 1 बार चुनाव जीते, जबकि वैश्य समाज से वोटर बहुत कम रहे।

**खबर संक्षेप**

### सार्वजनिक और सामान्य अवकाश घोषित

**सीहोर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में प्रदेश के विभिन्न लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चार चरणों में मतदान होगा। राज्य शासन ने संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया है। प्रथम चरण में 19 अप्रैल (शुक्रवार) द्वितीय चरण में 26 अप्रैल (शुक्रवार) तृतीय चरण में 7 मई (मंगलवार) एवं चतुर्थ चरण में 13 मई (सोमवार) को सामान्य अवकाश घोषित किया है।

### 7 और 13 मई को दो चरणों में होगा मतदान

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तारीखों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी पूरी तरह से प्रभावशील हो गई है। जिसका सख्ती से पालन कराया जाएगा। भोपाल संसदीय क्षेत्र-19 भोपाल के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र सीहोर-159 में 265 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 223671 मतदाता अपने मतधिकार का प्रयोग कर भोपाल संसद का चुनाव करेंगे। इसी प्रकार संसदीय क्षेत्र 18 विदिशा के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र 156-बुधनी में 363 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 276599 मतदाता और इछावर में 275 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 226913 मतदाता विदिशा संसदीय क्षेत्र के सांसद का चुनाव करेंगे।

### यदि 100 कर्मचारी और मिल जाएं तो सफाई का काम और बेहतर हो सकता है

# 14 साल पहले 25, अब 42 टन कचरा फिर भी 180 कर्मचारियों के भरोसे सफाई का जिम्मा

अनदेखी : नपा 2 बार शासन से 100 सफाई कर्मचारियों की भर्ती की मांग चुकी स्वीकृति, लेकिन अब तक नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

14 साल बीत गए। इन सालों में शहर का विस्तार तो काफी हो गया। दो दर्जन से अधिक कॉलोनियां विकसित हुईं। शहर तो फैला लेकिन इसकी साफ-सफाई के लिए अमला आज भी वहीं है जो 2010 की स्थिति में था। 180 सफाई कर्मचारियों के भरोसे ही सफाई का काम चल रहा है।

खास बात यह है कि नगर पालिका ने दो बार शासन को 100 कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए डिमांड भी भेजी, लेकिन स्वीकृति आज तक नहीं मिल सकी। यदि 100 कर्मचारी और मिल जाएं तो सफाई का काम और बेहतर हो सकता है। 2010 की बात करें तो उस समय करीब 25 मीट्रिक टन कचरा शहर से निकलता था लेकिन अब यह बढ़कर 42 टन से अधिक निकल रहा है। ऐसे में नगर पालिका को संसाधनों की जरूरत है लेकिन शासन स्तर से अभी भी इनकी कमी बनी हुई है। शहर का विकास लगातार होता जा रहा है। कई कॉलोनियां विकसित हुईं। शहर फैलता ही चला गया लेकिन इस हिसाब से नगर पालिका के पास संसाधन नहीं हैं। हालांकि नगर पालिका ने काफी प्रयास किए लेकिन इसके बाद भी कुछ नहीं हो सका।

#### सुबह-शाम हो रही सफाई

नगर पालिका ने शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए सफाई को दो हिस्सों में बांट दिया है। बाजार का जो क्षेत्र है वहां पर रात के समय सफाई कराई जाती है। बाजार के बंद होने के बाद दुकानदार अक्सर सड़क किनारे कचरा डाल जाते हैं। कई बार सुबह के समय सफाई में देरी होने के कारण सड़कों पर कचरा दिखाई देता था। इसलिए सफाई शेडयूल में बदलाव करते हुए बाजार क्षेत्र में रात के समय सफाई की जाने लगी। इससे फायदा यह हुआ कि सुबह के समय भी बाजार साफ सुथरा दिखाई देता है।



**सीहोर।** डोर टू डोर कचरा लेते हुए कर्मचारी।

#### नपा के पास अभी 2 दर्जन कचरा वाहन

कुछ सालों पहले की तुलना में आज शहर में सफाई की बेहतर व्यवस्था है। दो दर्जन से अधिक कचरा वाहन हैं। इसके अलावा ट्रैक्टर-ट्रालियों की मदद भी ली जाती है। इन सभी वाहनों से कचरे को ट्रेंचिंग ग्राउंड में ले जाया जाता है। नोडल अधिकारी स्वच्छता सर्वेक्षण अमित यादव ने बताया कि दोनों समय शहर की सफाई कराई जा रही है। सभी जगह से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है। सफाई कर्मचारियों की डिमांड बढ़ी है।

## नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 आज से होगा प्रारंभ



**सीहोर।** राज्य शिक्षा केन्द्र ने नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 01 अप्रैल 2024 से प्रारंभ किया जाने के निर्देश दिये गये हैं। प्राथमिक एवं माध्यमिक विधालयो की स्थानीय परीक्षाएँ संम्पन्न हो गई है। समस्त बच्चों को 01 अप्रैल से नवीन कक्षाओं में प्रावधिक प्रवेश देने के पश्चात ग्रीष्मवकाश के पूर्व तक अध्ययन-अध्यापन सुनिश्चित किया जाए।

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र, धनराजू एस ने जानकारी दी की कक्षा 1 के लिए नव प्रवेशित बच्चों को स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम के अंतर्गत गतिविधियों का आयोजन किया जाये। कक्षा 2 व 3 में क्रमशः कक्षा 1 व 2 के 10 वे 20 वे एवं 30 वे सप्ताह के ट्रेकर के आधार पर बच्चों द्वारा जिन दक्षताओं में सीखना शेष रह गया है। उनको चिन्हांकित करते हुए अभ्यास के अवसर प्रदान किए जाएं एवं छूटी हुई दक्षताओ को पूर्ण किया जाए। संचालक शिक्षा केन्द्र, धनराजू एस ने कहा कि कक्षा 4 से 8 में कक्षोन्नत विद्यार्थियों की पूर्व कक्षा के प्रश्नपत्रों को हल कराते हुए आदर्श उत्तर लिखने का अभ्यास कराया जाए। विगत कक्षा की उपलब्ध स्थानीय वार्षिक परीक्षाओं की मुल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का विश्लेषण निर्धारित प्रारूप अनुसार विद्यार्थीवार व कक्षावार किया जाकर न्यूनतम अधिगम स्तर (Low performing Learning Outcomes ) को चिह्नांकित कर विद्यार्थियों की छूटी हुई दक्षताओं के पुर्नअभ्यास करवाया जाए।

राज्य द्वारा प्रदाय की जा रही 'प्रयास' अभ्यास पुस्तिका (कक्षा 2 से 3, 4 से 5 तथा 6 से 8) को 15 अप्रैल तक प्रत्येक विद्यार्थी को वितरण अनिवार्यतः किया जाये। शिक्षको द्वारा विधार्थियों को इन अभ्यास पुस्तिकाओं के सन्दर्भ में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाये ताकि ग्रीष्म अवकाश में विद्यार्थी इस पुस्तिका पर कार्य कर सकें।

### होली मिलन समारोहः बाहर से आए कलाकारों ने भजनों पर दी प्रस्तुति

# छह क्विंटल फूलों की वर्षा कर मनाया फाग महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी सामाजिक सौहार्द और प्रेम का प्रतीक रंगोत्सव के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा शहर के चाणक्यपुरी स्थित एक निजी मेरिज गार्डन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। इस मौके पर बाहर से आए कलाकारों ने भजनों पर नृत्य किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा का स्वागत यहां पर मौजूद भाजपा नेताओं और क्षेत्रवासियों ने किया। शर्मा ने कहा कि आनंद, उत्साह और रंगों का ये पावन पर्व सबके जीवन में सुख-समृध्दि, शांति और खुशहाली लाए। होली सिर्फ त्यौहार ही नहीं है अपितु पाप पर पुण्य की विजय और अधर्म पर धर्म की विजय का भी त्यौहार है पौराणिक कथा है कि भक्त प्रहलाद की हत्या के नियत अपनी बहन होलिका को चिता पर प्रहलाद को बैठाया लेकिन भगवान नारायण की कृपा से होलिका ही जल गई और भक्त प्रह्लाद जी बच गए। बड़े गर्व का विषय है कि



हम हिन्दू है और हमारे पर्व पूरे समाज को जोडऩे की परम्परा है। होली भी अपनी बुराईयों को छोडऩे का पर्व है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष राठौर के मार्गदर्शन में होली मिलन समारोह में शहर के सभी सामाजिक संगठनों के अलावा, भाजपा नेता, जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रवासियों ने करीब छह क्विंटल फूलों की वर्षा कर समारोह मनाया। कार्यक्रम में भाजपा नेता सन्नी महाजन, लोकेन्द्र मेवाड़ा, राजकुमार गुप्ता आदि शामिल थे।

# 38 डिग्री सेल्सियस पहुंचा अधिकतम तापमान, पारे में और होगी बढ़ोतरी

**सीहोर।** जिले में इन दिनों मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं। कभी धूप कभी छाव, कभी तेज हवा और कभी रिमझिम बारिश, लेकिन दोपहर के समय में तेज धूप के कारण लोगों को भीषण गर्मी का एहसास होने लगा है। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है।

शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव आज भी रहने की संभावना है। इसी कारण मौसम में बार-बार परिवर्तन देखने को मिल रहा है। लेकिन रविवार को दिन में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि अभी मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहेगा, आने वाले दिनों में धीरे-धीरे तापमान में और बढ़ोतरी दर्ज होने की संभावना है।

**बदलते मौसम में फैल सकती हैं बीमारियां:** सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान भीषण गर्मी, सम्भावित हीट वेव लू, हीट स्ट्रोक तापघात और वायु प्रदूषण के कारण उत्पन्न होने वाली बीमारियों के लक्षणों, निदान, उपचार तथा बचाव को लेकर चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

#### बदलते मौसम में होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं

गर्मी के मौसम में बच्चों से लेकर वृद्ध जन को बेहोशी, मांसपेशियों में जकड़न, मिर्गी दौरा पड़ना, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द, अधिक पसीना आना, कमजोरी, चक्कर आना, सांस व दिल की धड़कन तेज होना, मिचली और उल्टी आना, नींद पूरी न होना आदि परेशानी हो सकती है। इससे बचाव के लिए प्राथमिक उपचार बेहद जरूरी है। इसके साथ ही लोगों को घर से निकलने से पहले पानी पीकर निकलना चाहिए और थोड़े-थोड़े समय पर पानी पीते रहना चाहिए। इससे शरीर में पानी की कमी नहीं हो पाती, शुद्ध व ताजा भोजन करने के अलावा भोजन बनने के तीन घंटे बाद बचे हुए भोजन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

## 12 दिन बाद भी डॉ भकोरिया पर नहीं हुई कोई कार्रवाई, इधर सरपंच व जिलाध्यक्ष भी घूम रहे निडर

# आचार संहिता लागू पर लापरवाहों पर कार्रवाई नहीं!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा


कलेक्टर एवं चुनाव आयोग के आदेश मात्र दिखावा साबित होने लगे और जिम्मेदार उनका उल्लंघन करते रहे और कमजोर उसका पालन तो बात की गंभीरता को समझा जा सकता है। ऐसा ही मामला पिछले दिनों जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ भकोरिया का बिना किसी अधिकारिक अनुमति के मुख्यालय छोड़कर भोपाल घूमना चुनावी आचार संहिता का उल्लंधन एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्ष दीक्षित के द्वारा जारी आदेश को भी न मानते हुए अपनी मनमानी करने पर अभी तक कोई एक्शन देखने नहीं मिला।

उल्टे डॉ भकोरिया अपनी कॉलर उठाकर लोगों को अपनी ताकत एवं पहुंच का लोहा दिखाने की बात कहते फिर रहे हैं। यहां पर यह बताना जरूरी है कि पिछले सोमवार 18 मार्च को राजगढ़ के जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ एलपी भकोरिया आचार सांहिता में अपना मुख्यालय भोपाल घूमने में व्यस्त थे। जब सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा से इसके बारे में पूछा गया था तो उन्होंने इसके बारे में कोई भी जानकारी न होने की बात कहीं थी। ऐसी स्थिती में समझा जा सकता है कि जिले के अधिकारी अपनी मनमानी करने पर उतारू है एवं आदर्श आचार संहिता का सीधे उल्लंघन के बाद भी कार्रवाई नहीं हो पाई है।

### सपा के प्रदेश प्रवक्ता ने भी कार्रवाई की उठाई मांग

उक्त घटना की खबर को सपा के प्रवक्ता यश भाटिया के साथ विभिन्न समाजसेवियों ने आयोग के साथ भोपाल कमिशनर व राजगढ़ कलेक्टर को ट्वीट के साथ ही शिकायत भी की थी लेकिन एक हफ्ता से ज्याद समय बीतने के बाद भी जिला निर्वाचन अधिकारी ने निलंबित नहीं किया जो को आयोग के दिशा निर्देशों पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता हे। वहीं सीएमएचओ राजगढ़ डॉ किरण वाडिवा से पूछने पर उन्होंने बताया की डॉ भकोरिया को नोटिस जारी करके स्पष्टिकरण मांगा गया है उसके बाद कार्यवाही का देखा जाएगा।

### कलेक्टर एवं चुनाव आयोग के आदेश का हो रहा उल्लंघन


प्रेस नोट राजगढ़
only admins can send messages

जिला जनसम्पर्क कार्यालय राजगढ म.प्र.
समाचार
अवकाश एवं मुख्यालय छोड़ने पर तत्काल प्रभाव से लगाई गई रोक
राजगढ 16 मार्च, 2024
कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हर्ष दीक्षित द्वारा लोकसभा निर्वाचन - 2024 के दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन की घोषणा दिनांक से निर्वाचन परिणाम घोषित होने की दिनांक तक की अवधि के लिए जिले के समस्त शासकीय/ अर्द्धशासकीय / निगम मण्डल / स्थानीय निकाय के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है।
समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता की अनुमति के बगैर अवकाश के लिए प्रस्थान नहीं करेंगे तथा न ही मुख्यालय छोडेंगे। आदेश का पालन न करने पर लोक प्रतिनिधित्व 1951 तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।
समा क्रं./1043/048/03/... Read more
7:58 PM
March 17, 2024


सीएमएचओ बोलीं मुझे इसकी जानकारी नहीं, जिले का टीकाकरण भी भगवान भरोसे

आचार संहिता और अधिकारियों को ठेंगा दिखा कर बिना अनुमति भोपाल घूम रहे वैक्सिनेशन अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर राजगढ़ हर्ष दीक्षित ने 16 मार्च को लोकसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन परिणाम घोषित होने की दिनांक तक समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय निगम मण्डल स्थानीय निकाय के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया। फिर भी कुछ अधिकारी अपनी मनमर्जी से वरिष्ठ अधिकारियों एवं चुनाव आचार संहिता का खुले आम उल्लंघन करने पर तुले हुए हैं।

मामला फिर वही स्वास्थ्य विभाग का है जहां पर जिला वैक्सिनेशन अधिकारी डॉ एलपी भकोरिया बिना किसी पूर्व सूचना के मुख्यालय से दूर भोपाल घूमते नजर आए। बात सोमवार की है जब उनकी फोर व्हीलर गाड़ी भोपाल में मंत्री के बंगले पर खड़ी दिखी। इस पर सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा से पूछा गया तो उन्होंने कोई भी जानकारी न होने की बात कही। जिले में टीकाकरण का काम देख रही 84 संविदा एवं 193 रेगुलर एएनएम भी अधिकारी की लापरवाही के कारण प्रभावित होती ही होगी। जिसका असर बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम पर पड़ता होगा परंतु बाद में कागजों में सभी कुछ सही कर लिया जाता होगा।

जानकारी नहीं है...
मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। मैं दिखवा लेती हू
डॉ किरण वाडिवा, सीएमएचओ राजगढ़

झूठ पर झूठ बोलते नजर आए डॉ भकोरिया

स्वास्थ्य मंत्री के बंगले के सामने दिखी गाड़ी

लगातार विवादों में रहे है डॉ भकोरिया

**इनका कहना है...**

नोटिस तो दिया है परंतु क्या जवाब दिया है यह में नहीं बता पाऊंगी। यह मैं आपको सोमवार को बता पाऊंगी।
**डॉ किरण वाडिवा**, राजगढ़

## नंबर प्लेट पर सरपंच और किसान संघ अध्यक्ष लिखकर घूमते दिखे जिम्मेदार

# पद का मोह बरकरार, आदर्श आचार संहिता का हो रहा उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू है जिसमें संपत्ति विरूपण अधिनियम सहित किसी जनप्रतिनिधि द्वारा अपने वाहनों पर पदनाम की नाम पट्टिका नहीं लगाने का प्रावधान है। आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करवाने हेतु पुलिस प्रशासन सतत निगरानी रख रहा है। इसके बावजूद भी कहीं कहीं जनप्रतिनिधियों या किसी संगठन के पदाधिकारियों की नेम प्लेट देखने को मिल रही है जो पुलिस प्रशासन की सजगता पर प्रश्नचिन्ह लगाती है।





**केस-1**

शुक्रवार को माचलपुर में अग्रवाल धर्मशाला में भाजपा प्रत्याशी रोड़मल नागर द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। इस दौरान बाहर खड़े वाहनों में एक चार पहिया वाहन पर सरपंच पद की नेम प्लेट देखने को मिली जो आदर्श आचार संहिता का उलंघन है। यहां बैठक के दौरान पुलिसकर्मी भी मौजूद थे लेकिन ऐसे वाहन पर पुलिसकर्मियों की नजर नहीं पहुंची।

**केस-2**

एक ओर चार पहिया वाहन देखने को मिला जो नंबर से तो राजस्थान पासिंग लग रहा था जिस पर भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष आगर मालवा की नेम प्लेट देखने को मिली। हालांकि इस वाहन से कोई इलैक्ट्रोनिक सामान सप्लाई करने आया था लेकिन यह वाहन आगर मालवा जिले से राजगढ़ जिले में प्रवेश कर गया लेकिन इस वाहन के एक जिले से दूसरे जिले में बगैर रोक-टोक के प्रवेश करने पर अंतरजिला सीमा पर बनाई गई पुलिस जांच चैकियां की अनदेखी भी उजागर हो रही है। आखिर किस तरह ऐसे वाहन एक जिले से दूसरे जिले में प्रवेश कर रहे हैं।




# एसपी के प्रयासों से 10 दिन में धराए एटीएम कटिंग के आरोपी

## 21 मार्च की रात्रि खिलचीपुर नाका स्थित एसबीआई एटीएम में हुई थी वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय के खिलचीपुर नाका स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम को काटकर लूटने की साजिश रचकर वारदात करने वाले अपराधी 10 दिन में ही सलाखों के पीछे आ गए हैं। नवागढ़ पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के सटीक प्लान और मुखबिर तंत्र, विश्वसनीय सूत्रों सहित अन्य प्रयासों के बाद इन बदमाशों को धर लिया गया। राजगढ़ एसडीओपी ने शनिवार देर शाम कोतवाली परिसर में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पूरे मामले पर से पर्दा उठाया। आरोपी काफी बदमाश थे इसलिए पुलिस को अपनी भाषा में उनसे सच्चाई उगलवानी पड़ी।

### पुलिस के सटीक तंत्र से धराए आरोपी

आरोपियों की पतारसी के लिए एसपी आदित्य मिश्रा द्वारा विशेष टीम गठित की गई। एसडीओपी राजगढ शिदनेश शर्मा के नेतृत्व मे गठित टीम नेघटना का खुलासा किया।

**मुरैना रवाना हुई टीमः** दोनो आरोपीगणो को साथ लेकर टीम को मुरैना रवाना किया गया। जहां से आरोपीगणो की निशांदेही पर घटना मे प्रयूक्त सीयाज कार, फर्जी नंबर प्लेट, ब्लैक स्प्रे, मास्क तथा कार की फर्जी आर.सी बरामद की गयी।

**पूछताछ में उगले राजः** आरोपियों ने पूछताछ मे बताया कि एटीएम कटिंग की प्लानिंग उन्होने


खिलचीपुर नाके स्थित एटीएम बूथ का मामला, नहीं था सिक्यूरिटी गार्ड
सीसीटीवी डेमेज कर एसबीआई एटीएम से लूट का असफल प्रयास, जांच शुरू
सुबह कस्टमर पहुंचे तब मालूम हुई घटना
एसबीआई के एटीएम बूथों में नजर नहीं आते गार्ड
पुलिस को कुछ में मिला एक लाइटर

### मुरैना और ग्वालियर से जुड़े तार

पहले ही बना ली थी। तथा एक लडके सूरज को दिनांक 17.03.24 को ही राजगढ भेजा गया था। राम उसके बुआ के लडके अंकित से खाटूश्याम जाने के बहाने उसकी सीयाज कार मांग लाया जिसकी आरसी को राम ने नंबर बदल कर कलर फोटो कापी कर ली थी। बाकी गैस कटर, स्प्रे तथा अन्य टूल्स अनिल लेकर आया तथा पाचों लोग राम, अनिल, धर्मेन्द्र, निरंजन तथा दीपक कार से रात मे राजगढ आये रास्ते मे पाचों ने राजगढ ब्यावरा टोल निकलने के बाद गाडी की नंबर प्लेट बदल दी जो इन्होने ग्वालियर से बनवायी थी और उर्स से मास्क खरीदा तथा रात मे सुनसान होने पर घटना को अंजाम देने पहुंचे लेकिन कोई वाहन आने की आवाज तथा लाईट दिखायी देने पर ये लोग कार मे सामान रखकर वापस भाग गये। वापस जाते समय राजगढ निकलने के बाद इन लोगों ने वापस असली नंबर प्लेट कार मे लगाई और मुरैना पहुंच कर सारा सामान कटर आदि सूरज के कमरे पर पटक दिया और नंबर प्लेट तथा कुछ सामान राम की दुकान पर रख दिया कार मालिक अंकित को वापस कर दी।

# डॉ. दादी जानकी की पुण्य स्मृति दिवस पर समाज को आध्यात्मिक जागृति से श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

प्रेम, दया, ज्ञान, विनम्रता की प्रतिमूर्ति थी दादी जानकी जी जिन्होंने विश्व भर में महिला सशक्तिकरण आत्म संयम व आध्यात्मिक मूल्यों का पाठ पढ़ा लाखों लोगों का मनोबल बढ़ा सशक्त किया।

ब्रह्माकुमारी संस्था के पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी डॉ जानकी दादी की चतुर्थी पुण्य स्मृति दिवस पर ब्यावरा सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने कहा कि एक महान आध्यात्मिक लीडर के रूप में दादी ने विश्व के सभी राष्ट्रों व संस्कृति के लोगों को ईश्वरीय ज्ञान दिया। दादी कहती थी मैं सोचूं कि मेरा परिवार सारा एक जैसा सब अच्छा बन जाए, परंतु पहले मैं अच्छा बनूंगी। तो वो बनेंगे पहले हम अच्छा बने। अच्छा अर्थात- सत्यता ,पवित्रता ,धारिता, नम्रता, गंभीरता यह मेरे जीवन में हो।



विश्व की सबसे स्थिर मन की महिला का अवार्ड रिकॉर्ड भी दादी जानकी जी के नाम है। आध्यात्मिक व मानवीय मूल्यों का जो पाठ दादी जी ने पढ़ाया व विश्व स्तर तक पहुंचाया हम सभी जीवन में धारण करें तो उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में उपस्थित एडवोकेट चंद्रकांत त्रिपाठी, डॉ रामशरण बाथम, एडवोकेट गोपाल शाक्यवार, शिक्षक नवल किशोर शाक्यवार, व्यापारी बद्री लाल दांगी, मुरली प्रसाद निगम, प्रेमशंकर शाक्यवार, रोड सिंह दांगी, रामचरण दांगी, लक्ष्मीनारायण दांगी, तथा बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रहे। सभी ईश्वरीय परिवार के भाई- बहनों ने दादी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# युवाओं की बदलती सोच दिखाती है नूपुर की शॉर्ट फिल्म ये न्यू इंडिया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

किसी भी समाज या देश में वहां के युवाओं की बदलती सोच और उस समाज या उस देश में आने वाले बदलावों का संकेत माना जाता है। कुछ ऐसे ही युवाओं की बदलती सोच की कहानियां हमें देखने को मिलेंगी। जियो सिनेमा पर प्रसारित होने वाली हिन्दी शॉर्ट फिल्म 'ये न्यू इंडिया है' में। विदिशा निवासी नूपुर श्रीवास्तव ने इस हिन्दी शॉर्ट फिल्म का निर्माण किया है। नूपुर ने बताया कि ये हमारे देश की पहली ऐसी शॉर्ट फिल्म है जिसमें तीन अलग अलग कहानियां हमें देखने को मिलेंगी। फिल्म में तीनों कहानियां एक दूसरे से अलग होने के बावजूद अपने विषयवस्तु के कारण एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं। पहली बार किसी शॉर्ट फिल्म में सूत्रधार (नेरेटर) हमें देखने को मिलेगा, जिसकी भूमिका निभाई है प्रसिद्ध अभिनेता अखिलेन्द्र मिश्रा ने। करीब 22 मिनट की इस शॉर्ट फिल्म में समकालीन विषयों को उठाया गया है। पहली कहानी का शीर्षक है पहनावा, जो समाज में पहनावे को लेकर होने वाले विवादों पर आधारित है। दूसरी कहानी है आवाज़, जिसमें धर्म के नाम पर समाज में बढ़ते विद्वेष का मुद्दा उठाया गया है और तीसरी कहानी है निकाह। जिसमें निकाह या शादी के नाम पर होने वाली लड़कियों की सौदेबाजी की कहानी दिखाई गई है।

# नगर में रंगपंचमी पर्व पर हुरियारों की रंगारंग गेर का चल समारोह निकला

## पुलिस ने सुरक्षा के किए पुख्ता इंतजाम चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सार्वजनिक हिंदु उत्सव समिति के तत्वावधान में पांच दिवसीय होली उत्सव के तहत आयोजित रंगारंग कार्यक्रमों का शनिवार को रंग पंचमी के अवसर हुरियारो की रंगारंग गेर का चलसमारोह निकाल कर समापन किया गया। होली महोत्सव के तहत निकलने वाले पांरपरिक चल समारोह को लेकर पुलिस ने चाकचैबंध तैयारियां की गई।

पुलिस के साथ शहर में पुलिस लाइन से प्राप्त पुलिस जवान के साथ-साथ ड्रोन, सीसीवीटी और विड़यिों कैमरों के माध्यम से सुरक्षा का जिम्मा संभाला। एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी संतोष सिंह वाघेला के नेतृत्व में शहर के चुपके चुपके पर पुलिस तैनात रही। रंग पंचमी पर लोगों ने अपना अपना कारोबार बंद रखकर खूब रंग गुलाल ऊडाई गई वही सार्वजनिक हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष डाक्टर राजेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व मे सामाजिक धार्मिक संगठन एवं हुरियारो की टोली ढोल धमाकों के साथ पुराना बस स्टेंड स्थित बालरूप हनुमान मंदिर मैं पूजा अर्चना के बाद से रंगपंचमी की गैर का चल समारोह प्रारंभ होकर शिवनगर, पठान वाडी, भूरी का मैदान, जोशी दवाखाना, टेंशन चैराहा, गांधी चैक, अंबे माता मंदिर, जामा मस्जिद चैक, रंगेरवाड़ी, बागकुंआ टंकी, बदलीपुरा हनुमान मंदिर दीनदयाल चैराहा होते हुए बस स्टैंड पर समापन किया गया। जहां नगर पालिका द्वारा जल समारोह में शामिल सभी हुरियारों को जलपान नाश्ता कराया गेर के चलसमारोह मे विशेष आकर्षण रंगीन पानी की बोछारे, सुखी गुलाल की होली, फुलो की होली खेलते हुए युवाओं की टोली अपनी मस्ती में मस्त थी वहीं कई युवाओं ने कपड़े फाड़ होली खेली।



### शहर में सुरक्षा व्यवस्था के रहे पुख्ता इंतजाम

थाना प्रभारी वाघेला ने बताया कि संवेदनशील स्थानों में पांइट फिक्स किए गए है। वही जुलूस के साथ बल के रूप में अधिकारी एवं जवान चलें। इसके अतिरिक्त मोटर साइकल पेट्रोलिंग, चार पहिया वाहन, एक ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी और दो वीड़यिो कैमरो से सुरक्षा की कमान संभाली गई शहर के अलावा संवेदनशील की श्रेणी में आने वाले गुलावता, पड़ाना, मगराना, मऊ तथा भुराखेड़ी में भी सुरक्षा पाइंट बनाए गए है। इस दौरान करीब 80 पुलिस अधिकारी कर्मचारी, 50 नगर एवं ग्राम रक्षा समिति सदस्यों की ड्यूटी रही।

### भाईचारे से मनाए त्योहार

राज्य मंत्री गौतम टेटवाल नगरपालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल एसडीएम संजय उपाध्याय ने सभी, नागरिकों से सौहाद्रपूर्ण माहौल एवं भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की है।प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने चैकन्ना रहकर अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने के इंतजाम थे।इस दौरान नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा पूर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष विकास विजयवर्गी महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष संजय विजयवर्गी मानसिंह पाटीदार गोपाल पाल सहित बड़ी संख्या में लोग चल समारोह मे शामिल हुए।

# भाजपा मंडल की बैठक आयोजित, सरपंचों ने भाजपा की सदस्यता ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

हमारा प्रत्याशी कमल का फूल है उसको सफलता के अंजाम तक पहुंचाने वाला हमारा कार्यकर्ता है। उक्त संबोधन खिलचीपुर मंडल के बूथ के कार्यकर्ताओं की शुक्रवार शाम को नीरज गार्डन में आयोजित बैठक में लोकसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार रोड़मल नागर ने व्यक्त करते हुए कहा की भाजपा की सरकार में राजगढ़ जिला विकास के नए आयाम छू रहा है। 64 हजार करोड़ की नर्मदा परियोजना से गांव गांव की भूमि सिंचित होगी एक भी खेत प्यासा नहीं रहेगा।

इस मौके पर विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा रोड़मल नागर ने लोकसभा क्षेत्र में कई योजनाएं दी हैं, जिनमें भोपाल रामगंज मंडी रेलवे लाइन, दो बड़े डेम, मेडिकल



कालेज,नर्सिंग कालेज,व्यवसायिक कालेज की सौगात दी है। जबकि इस जिले से सांसद और दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिग्गी राजा ने जिले के लोगो से वोट लेकर जीत हासिल की पर जिले का विकास नहीं किया। अब बदला लेने का मौका आया है। इस मौके पर खिलचीपुर क्षेत्र के अनेक सरपंचों ने मंच पर आकर भाजपा की सदस्यता ली। जिनका भाजपा उम्मीदवार रोड़मल नागर और विधायक हजारीलाल दांगी ने पुष्पहारों और भाजपा की साफी डालकर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल दांगी सहित पार्टी नेता सहित मंडल के सभी 54 बुथ के कार्यकर्ता मौजूद थे।

**ये हुए भाजपा में शामिलः** रूपारेल सरपंच हरिसिंह सिसोदिया,बावड़ीखेड़ा सरपंच मानसिंह चैहान,,पान खेड़ी सरपंच महेंद्र सिंह,अमानपुरा सरपंच देव सिंह,मेहरजपुरा सरपंच सुलतान सिंह, खुरचनीय सरपंच श्रीलाल ,प्रेमसिंह पटेल कुंडीबे, मांगीलाल कागनीखेड़ा,सहित अनेक ग्रामीणों ने काग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए।

## परिवार और शिक्षकों के मार्गदर्शन से गौरी बनी डॉक्टर



**कुरावर।** प्रतिभाएं शहरों में नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी जन्म ले लेती हैं। ऐसी ही एक प्रतिभा 27 मार्च को एमबीबीएस फाइनल ईयर का रिजल्ट आने पर कुरावर नगर में दिखाई दी। नगर के वार्ड क्रमांक 7 में निवासरत मध्य वर्गी ब्राह्मण परिवार में शासकीय शिक्षिका तूलिका शर्मा, व्यवसायी अनूप शर्मा की पुत्री गौरी शर्मा ने 23 वर्ष की उम्र में नंद कुमार सिंह शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा से 5 साल 6 महीने की पढ़ाई कर 63 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 27 मार्च को परिणाम आने पर संपूर्ण परिवार गौरी की सफलता पर झूम उठा तो वहीं गौरी ने भी अपनी सफलता का श्रेय अपनी दादी शकुंतला शर्मा, अपनी पढ़ाई के दौरान उचित मार्गदर्शन करने वाली आकांक्षा पिता स्वर्गीय डॉ आर के देशवाली को दिया। साथ ही उसने कहा कि नगर के अशासकीय की आदर्श हाई सेकंडरी विद्यालय किस संचालक पी.टी शाह, प्राचार्य अनिता शाह ने प्राथमिक शिक्षा से उत्कृष्ट शिक्षा देकर इस मुकाम पर मुझे पहुंचा है साथ ही मुझे परिवार के मेरी माता तूलिका शर्मा, पिता अनूप शर्मा, चाचा आलोक शर्मा ,चाची शैलजा शर्मा, भैया यश भाभी अपूर्व एवं छोटे भाई सक्षम शर्मा का भरपूर सहयोग मिला गोरी की सफलता पर परिवार के इस मित्रों एवं समाज जनों ने बधाई दी है।

## कैमरे बंद, ई फिंगर मशीन बंद, अटेंडेंट रजिस्टर में गड़बड़ी

# खिलचीपुर शासकीय महाविद्यालय में शिकायतों की जांच करने पहुंचे शिक्षा अतिरिक्त संचालक, भुगतान बिलों में पाई अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

खिलचीपुर शासकीय महाविद्यालय सदैव अनियमितताओं को लेकर सुर्खियों में बना रहता है। आए दिन तरह-तरह की समस्याओं को लेकर समाचार पत्रों में खबरें छपती ही रहती हैं और जांच हेतु टीम आती भी है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होती। महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर पिछले दिनों अतिरिक्त संचालक शिक्षा विभाग डॉ मथुरा प्रसाद अपनी टीम के साथ महाविद्यालय पहुंचे और निरीक्षण में गहरी पड़ताल के बाद सीसीटीवी कैमरे बंद, वाटर कूलर फ्रीजर बन्द, ई फिंगर अटेंडेंस मशीन बंद, अटेंडेंट रजिस्टर में उपस्थिति का कालम खाली, 1 वर्ष से जन भागीदारी की बैठक न होना, प्रोफेसरों का समय पर नहीं आना और समय से पहले ड्यूटी से जाना, छात्र-छात्राओं की रिजेक्ट प्रैक्टिकल बुकों को बिना टेंडर के बेचना, क्लासेस समय पर न लगना, लापरवाही पूर्ण रवैया के चलते राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का क्षतिग्रस्त होना आदि अनियमितता पाई गयी।

### महाविद्यालय की बिल्डिंग में जांच में मिला गंदगी का अम्बार

अतिरिक्त संचालक मथुरा प्रसाद ने सर्वप्रथम कॉलेज परिसर और बिल्डिंग का निरीक्षण किया, तो बिल्डिंग में गंदगी पाई ओर टॉयलेट रूम भी बदबूदार मिले तथा पीने के पानी की व्यवस्था भी ठीक नहीं मिली वहीं सीसीटीवी कैमरे बंद मिले यही नहीं अटेंडेंस ई फिंगर मशीन भी बंद पाई गई जब अतिरिक्त संचालक ने कॉलेज के कार्यालय के मुख्य दस्तावेज टटोले तो दस्तावेजों में भी कई अनियमितता देखने को मिली। अतिरिक्त संचालक ने इन घोर अनियमितताओं को लेकर नाराजगी जताई, वही कमिश्नर को प्रतिवेदन सौंप कठोर कार्यवाही करवाने की बात कही। छात्र-छात्राओं से भी चर्चा की तथा प्रोफेसरों और प्राचार्य को समस्याओं को तत्काल हल करने को निर्देशित किया।



**एक वर्ष से नहीं हुई जनभागीदारी समिति की मीटिंग**

**विकास कार्य 1 वर्ष से लंबित हैं**

महाविद्यालय के विकास कार्य 1 वर्ष से लंबित हैं। प्राचार्य मीटिंग रखते ही नहीं हैं, जबकि नियम है कि 1 वर्ष में तीन बार जन भागीदारी बैठक होना चाहिए। अब ऐसे में कैसे होंगे महाविद्यालय के विकास कार्य।
**विशाल पारीक**, अध्यक्ष जन भागीदारी महाविद्यालय खिलचीपुर।

**सुधार करेंगे**

हां, ईडी साहब ने निरीक्षण किया है, कमियां तो पाई गई हैं। सुधार करेंगे।
**डीके सूर्यवंशी प्राचार्य**, शासकीय महाविद्यालय खिलचीपुर।

**कार्रवाई करेंगे**

महाविद्यालय में कई अनियमितताएं पाई गई हैं, कमिश्नर को प्रतिवेदन प्रस्तुत कर कठोर से कठोर कार्यवाही करवाई जाएगी।
**डॉ. मथुरा प्रसाद**, अतिरिक्त संचालक शिक्षा,भोपाल संभाग।

## खबर संक्षेप

### आज होगी शीतला माता की पूजा-अर्चना



**जावर।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मां शीतला माता मंदिर में सुबह 4 बजे रात से ही महिलाओं की भारी भीड़ के साथ मां शीतला की पुजा अर्चना की गई। इसका महत्व रविवार छठ एक दिन पहले ही शाम को ठन्डा शीला बनाया गया। जिसमें हर तरह के पकवान बनाए जाते हैं। इस पुरानी परंपरा के अनुसार पांच या सात घरों से आटा एक दुसरे के घरों से लाया जाता है। उसका ही ठंडा शीला बना कर सोमवार को सप्तमी के रोज मां शीतला की पुजा अर्चना की जाएगी। महिलाओं का यह महत्वपूर्ण त्यौहार है क्योंकि सप्तमी के रोज घरों में चूल्हा नहीं जलाया जाता है। वही रोटी का तवा भी नहीं रखा जाता है। यह महिलाओं का त्योहार घर की शांति समृद्धि और घर की सुख शांति के लिए पुजा अर्चना कर घर पर ठंडा भोजन प्रसादी ग्रहण की जाती है। उसी रोज चुले पर आम का पौधा रख कर चुल्हे की भी पुजा की जाती है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में देवांश का चयन



**श्यामपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय श्यामपुर में कक्षा 6 में चयन होने पर ग्रामीण जनों ने देवांश को बधाई दी। श्यामपुर के शिक्षक गोविंद सिंह ठाकुर के पुत्र देवांश का नवोदय विद्यालय श्यामपुर में चयन होने पर सभी नगर बंधु ने दी बधाई और देवांश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### महिला मंडल ने मनाया फाग महोत्सव

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी चौरसिया महिला मंडल के तत्वाधान में शहर के छावनी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में फाग महोत्सव का आयोजन किया गया था। इस मौके पर महिला मंडल की अध्यक्ष जयश्री चौरसिया सहित बड़ी संख्या में महिला उपस्थित थी। जिन्होंने भजन और संगीत के साथ फूलों से होली खेली।

### गर्मी शुरू होते ही पेयजल के लिए परेशान हो रहे कॉलोनीवासी

# जल संकट की समस्या से जूझ रहे लोग कॉलोनी में न टंकी बनी न पाइपलाइन

मार्च माह के अंत और अप्रैल माह की शुरूआत के साथ ही आष्टा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट शुरू हो गया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

गर्मी शुरु होते ही आष्टा क्षेत्र के कई गांवों में जल संकट की आहट सुनाई देने लगी है। शहर में भी कई कॉलोनी में लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। हर वर्ष गर्मी आती है और कई क्षेत्रों में लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ता है। सिद्धिगंज, खाचरोद, जावर क्षेत्र के कई गांवों में लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बुहत से गावं ऐसे भी हैं जहां पर नल जल योजना भी बंद है। इसके वजह से लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।रंग पंचमी पर शहर के कई वार्डों में पानी की सप्लाई नहीं की गई।

#### शहर के कई वार्डों में भी जल संकट

शहर के पुराना भोपाल इंदौर मार्ग के पास स्थित पीएम आवास कॉलोनी में भी वहां के रहवासियों को गर्मी शुरू होते ही जल संकट का सामना करना पड़ता है। कई बार जिम्मेदारों और वार्ड पार्षद को समस्याओं से अवगत करा दिया लेकिन अभी तक कॉलोनी में जल संकट की समस्या हल नहीं की गई।

#### सुबह से लोग नल में कूप्पी टांग देते हैं

पीएम आवास कॉलोनी में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टैंकर आने से पहले टंकी के नल में लोग कुप्पी लगाकर लाइन लगा कर खड़े हो जाते हैं। पीएम आवास कॉलोनी में नल लाइन में प्रेशर नहीं होने कारण कॉलोनी में पानी नहीं पहुंचता है। कुछ घर के लोग ही पानी भर पाते हैं। यहां पर रहवासी कई दिनों से नई टंकी ,पाइप लाइन की मांग कर रहे हैं। लेकिन अभी तक पाइपलाइन नहीं डाली गई। इधर, कॉलोनी में तीन टंकी रखी है। लेकिन टंकियों में पानी एक दिन छोड़कर भरा जाता है।

#### एक घंटे में खाली हो जाती है टंकी

पीएम आवास कॉलोनी में 300 से अधिक लोग रहते हैं। जैसे ही टंकियां में पानी डालते 1 घंटे में ही टंकियों से पानी खाली हो जाता है। कॉलोनी के रमेश चंद गुप्ता, रवि राठौर ने बताया कि 4 वर्ष होने को आए हैं। पीएम आवास कॉलोनी में नगर पालिका ने ना तो पानी की टंकी बनाई और ना ही पाइप लाइन डाली हमें मजबूरी में इधर-उधर से पानी भरना पड़ता है। इसलिए नगर पालिका नई पाइपलाइन डाले और जो टैंकर आ रहे हैं उन्हें नियमित रोज टंकियां में टैंकर डलवाए।

#### समस्या हल की जाएगी

सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया कि पीएम आवास कॉलोनी में जो भी समस्याएं हैं। उन्हें जल्द ही दूर की किया जाएगा। पानी की टंकी का भी जल्दी ही निर्माण किया जाएगा। टैंकर को नियमित भेजा जाएगा।

## खेल प्रतिभाओं को तराशेगी दिल्ली फुटबाल अकादमी

### 20 दिवसीय प्रशिक्षण होगा शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर के चर्च मैदान पर इन दिनों मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में अंडर-20 नेशनल फुटबाल प्रतियोगिता के लिए 20 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत रविवार को होली पर्व की छुट्टी के उपरांत दूसरे सत्र का शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत एक मैच का आयोजन किया गया था।

इसमें ब्लू की ओर से एक तरफा मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रीन फुटबाल टीम को 2-0 से हराया। इस मैच में ब्लू की ओर से हरिफ और रोहन ने एक-एक गोल किया था। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला संस्कार मंच के संयोजक सुमित भानू उपाध्याय, जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, मनोज दीक्षित मामा आदि ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। श्री उपाध्याय ने कहा कि खेल के साथ जीवन में पढ़ाई का काफी महत्व है। इसलिए खिलाडियों को मैदान के साथ विद्यालय में भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव श्री कन्नोजिया ने बताया कि बीस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। फुटबाल एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट विद्युत मालेकर के नेतृत्व में किया जा रहा है। चयन के पश्चात अब 40 खिलाड़ी अभ्यास कर रहे है। प्रत्येक खिलाड़ी को 200 मिनट का दोनों सेशन में टाइम दिया गया साथ में टीम के मुख्य कोच आशीष पिल्ले, दीपक परदेसी, राहुल मेहता, सहायक कोच विपिन पवार, नेशनल रेफरी ज्योति गौर, आनंद उपाध्याय को शामिल किया गया।

जिनकी देखरेख में यह कैंप आयोजित किया जा रहा। चर्च मैदान में आगामी दिनों में 10 वर्ष से 14 साल की आयु वर्ग के खिलाडियों के लिए दिल्ली की अकादमी आने वाली है। ट्रांजेक्शन फुटबाल अकादमी दिल्ली लंबे समय से खेल प्रतिभाओं को तराश कर उन्हें फुटबॉल में उच्च कोटि की खिलाड़ी बनाने में लगा हुआ है।

### कर्नाटक में सम्मानित हुए अमन पटेल



**आष्टा।** एसबीएस कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र अमन पटेल पुत्र सुधीर पटेल को ग्रेजुएशन एनआईटी भोपाल से व एमबीए के लिए आईआईएम लखनऊ में शामिल होकर 98 प्रतिशत के साथ ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के पश्चात बजाज कंज्यूमर केयर में मार्केटिंग मैनेजर के पद पर चयनित होने पर संस्था संचालक भोलू सिंह ठाकुर सहसंचालक जीवन सिंह ठाकुर, प्राचार्य रीना ठाकुर ने बधाई दी।

## रंग पंचमी के एक दिन बाद हिंदू उत्सव समिति ने पुलिस प्रशासन के साथ जमकर खेली होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर में रंग पंचमी के बाद रविवार को पुलिस विभाग ने जमकर होली खेली कन्नौद रोड स्थित थाना परिसर में जमकर रंग लाल उड़ा पुलिस अधिकारी, पुलिसकर्मी सभी ने मिलकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया। पुलिस की होली में हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट ने भी पहुंचकर सभी को रंग गुलाल लगाया। दरअसल आष्टा में 6 दिवसीय रंगारंग महादेव की होली का समापन कल रंग पंचमी पर हो गया था होली के त्यौहार के दृष्टिगत 6 दिन तक पुलिस प्रशासन ने होली के दौरान शहर मैं चक चोबंद व्यवस्था की आज सातवें दिन आष्टा नगर स्थित थाने में जमकर रंग और गुलाल उड़ा हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट् व कुशल पाल लाला रंग गुलाल लेकर आष्टा थाने पहुंचे वहां पर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी एसडीओपी आकाश अमलकर ,आष्टा थाना प्रभारी रविंद्र यादव, पर्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा, और पूरे स्टाफ को तिलक लगाकर स्वागत सम्मान कर होली की शुरुआत की।समिति ने भी सभी का आभार व्यक्त कियाइस अवसर पर थाने में जमकर पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे को रंग लगाया कालू भट्ट ने होली महोत्सव में 6 दिन पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान करने पर एसडीएम स्वाति उपाध्याय, तहसीलदार पंकज पवैया, नायब तहसीलदार मुकेश सावले, एसडीओपी आकाश अमलकर, थाना प्रभारी आष्टा रविंद्र यादव ,पर्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा, नगर पालिका मुख्य अधिकारी राजेश सक्सेना सहित सभी होली महोत्सव में लगे कर्मचारियों अधिकारियों साहित आष्टा के सभी जनप्रतिनिधि गण सभी समाज के अध्यक्ष जनप्रतिनिधि गण व्यापारी संगठन का आभार व्यक्त किया है।





## भारतीय बेलदार जन जागरण महासभा के परिचय सम्मेलन में शामिल होंगे डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय बेलदार जन जागरण महासभा के त्तवधान मैं ग्राम सेमरी कलां जिला रायसेन में परिचय सम्मेलन का आयोजन 1 अप्रैल 2024 को सुबह 12बजे किया जा रहा है। जिसमे मध्यप्रदेश के हर जिले से बेलदार समाज के व्यक्ति बड़ी संख्या में आयेगे। हरदा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने बताया कि इस सम्मेलन मै डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, वी. डी.शर्मा प्रदेश अध्यक्ष, कैलाश विजयवर्गीय कैबिनेट मंत्री, कृष्णा गौर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, सुरेश पटवा विधायक, गौतम टेटवाल राज्यमंत्री कैलाश जाटव प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, करनसिह्न वर्मा राज्यमंत्री मंत्री आकर कार्यक्रम में आयेगे। जिले के सभी बेलदार समाज से अपील की है कि इस कार्यकम को सफल बनाने की लिए अधिक से अधिक संख्या में जाकर कार्यक्रम को सफल बनाना है। जिला कार्यकारणी में जिला उपाध्यक अशोक लूनिया, घनश्याम लूनिया, मोहन चौहान सचिव संजय लूनिया, कोषाध्यक्ष रामभरोष लूनिया, महामंत्री चंपालाल लूनिया, सत्येंद्र लूनिया आदि के दारा भी एक दूसरे से संपर्क किया जा रहा है।

## विक्रम सिंह पडियार ने 3200 किलोमीटर पैदल चलकर की मां नर्मदा जी की परिक्रमा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम कालापीपल के विक्रम सिंह पडियार ने संपूर्ण 3200 किलोमीटर की मां नर्मदा जी की पैदल परिक्रमा कर घर लौटे। इस दौरान श्री राम कुटी सीहोर के महंत श्री 108 श्री उद्धव दास महाराज और श्री ब्रह्मचारी महाराज दंडी स्वामी नवाडा नेमावर आश्रम द्वारा निवास कालापीपल पर पहुंचे और उन्हें शुभ आशीर्वाद दिया। मां नर्मदा जी की महिमा सत्संग में सुनाई गई। इस अवसर पर उनके परिवार के द्वारा महाप्रसाद कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया गया ।

## जावर पुलिस ने 63 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

चुनाव आचार संहिता के पालन में पुलिस पार्टी के भ्रमण के दौरान ग्राम कजलास थाना जावर में सिद्दू लाल मालवीय की दुकान के पीछे आरोपी अंबाराम पिता मुंशीलाल नि. इंदिरा कॉलोनी कजलास को 7 पेटी देशी मदिरा शराब प्लेन जिसमे कुल 350 क्वार्टर है। जो 63 लीटर मदिरा होकर 24500 रुपए की मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब होकर बिक्री हेतु ले जाते हुए पकड़ा गया है। जिस पर थाना हाजा पर अप 86/24 धारा 34(2) कायम कर विवेचना की जा रही है। आरोपी को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उपरोक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक थाना प्रभारी जावर आर एन मालवीय, उपनिरीक्षक बीएल वर्मा, प्रआर आत्माराम, प्रआर रामभरोष, आर पवन, आर मनोज, सै राहुल उपस्थित रहे।




## श्री मारुति मानस मंडल ने उत्साह से मनाया रंग पंचमी का त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर में इस बार रंग पंचमी की धूम एक अलग ही तरीके से मनाई रंगपंचमी तो प्रतिवर्ष ही बड़े धूमधाम से मनाई जाती है पर इस बार शहर व ग्राम में जो प्रभात फेरी में प्रातः निकाली जाती है। उसमें ही समस्त ग्रामवासियों ने प्रातः 5 बजे से रंग गुलाल लेकर प्रभात फेरी में सम्मिलित हुए और हर मंदिर में गांव की हर गली में ढोल नगाड़ा के साथ जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं गुलाल से ग्राम वासियों ने स्वागत किया। स्वागत में प्रसादी वितरण अल्प आहार की व्यवस्था लोगों द्वारा की गई। पूरे नगर में प्रभात फेरी के पश्चात शीतला माता मंदिर चौक पर ग्राम के युवाओं ने जमकर रंग गुलाल उड़ाया और लोगों को रंग लगाकर रंग पंचमी की बधाई दी। इस रंगों की बेला में समस्त गांव सम्मिलित हुआ इसके पश्चात दिनभर युवाओं की टोली जगह-जगह रंग लगाते देखी गई। बड़े ही प्रेम से यह त्यौहार मनाया गया।



### मुनि सागर महाराज ने जैन मंदिर पर दिए आशीष वचन, बड़ी संख्या में जुटे समाजजन


# गुरु से मिली शिक्षा के आगे डिग्री काम की नहीं: मुनि सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बैठकर साथ में पूजन व भोजन करेंगे तो बहुत कुछ सीखने को मिलेगा । संयुक्त परिवार में रहने का आनंद ही अलग है।चोट पर चोट देने से सब कुछ टूट जाते हैं। हरा-भरा पेड़ सडान लगनें से वह टूट जाता है। गुरुदेव मंदिर में पेड़ के नीचे बैठते थे।आज जमाना यह आ गया है कि गुरु के सामने अनेक शिष्य चले गए।आज पिता के कंधे पर पुत्र जा रहा है।गलत खाद्य पदार्थ सेवन का परिणाम है। सभी समय व दिन अच्छे हैं।

मुहूर्त का अगर असर होता तो मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को राज्याभिषेक के स्थान पर बनवास नहीं जाना पड़ता।गुरु से मिली शिक्षा के आगे लौकिक शिक्षा की डिग्री किसी काम की नहीं। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि वर्ष 1980 से लेकर मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज से 20 मुनि, साध्वी,ऐलक आदि दीक्षा लेकर उनके शिष्य बने , जिसमें हम तीन मुनि मौन सागर, मुनि सागर एवं मुक्ति सागर महाराज शामिल हैं।। गुरु भूतबलि सागर महाराज कभी भी एकल बिहारी नहीं रहें, अनेकों को संयम,व्रत दिए। साधु संतों के निहार के समय पिच्छिका सात हाथ दूर और कमंडल शुद्धि के दौरान चार हाथ दूर रखते हैं।तीस साल तक हमें गुरु का सानिध्य मिला। भाग्य, सौभाग्य अलग बात है। दीपावली से होली तक ग्यारह प्रतिमा का ज्ञान सीखा। ऐलक दीक्षा हमने गुरुदेव से ली। मुनि बनने की इच्छा व्यक्त की तो गुरुदेव ने कहा परीक्षा लेकर मुनि बनाऊंगा। मुनि सागर महाराज ने कहा कर्म ही बलवान है, ज्योतिष क्या करेंगे। श्री राम को राज्याभिषेक का शुभ मुहूर्त देखा, लेकिन उनको राज्याभिषेक के स्थान पर बनवास जाना पड़ा। दीक्षा के दौरान हमें परिग्रह नहीं करने को कहा।हम अपने गुरु के चरणों में रहें।आप कहते हैं मम्मी -पापा मेरे साथ रहते हैं,यह कहना गलत है। हल चलाने वाला विद्यासागर बना।

लौकिक नहीं अलौकिक पढ़ाई काम आती है। गुरु दिल में होना चाहिए। गुरु हंसते- हंसते गए।मरण महोत्सव हुआ। बेटे के कंधे पर पिता जाए तो सौभाग्य की बात है।आप लोगों को जो दे गए उस पर अमल करें। जिसके जीवन में गुरु नहीं,उसका जीवन शुरू नहीं। हमारा शिखर जी यही है। आष्टा तीर्थ रुप ले रहा है। तोड़ने का नहीं जोड़ने का काम करें। साधुगण जोड़ते हैं तोड़ते नहीं। अकेले बैठने पर दुर्भावना आएगी। पहले खाना नहीं बोलना सीखें।जो अवसर मिला है लाभ ले।




## रंग पंचमी पर जमकर उड़ाया गया रंग-गुलाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

रंग पंचमी का पर्व खाचरोद शाहित आसपास पूरे ग्रामीण क्षेत्र खामखेड़ा, रोल गांव, छापर, रामपुर, अवली खेड़ा, कन्नौज शिवजी, लसूडिया विजय सिंह, किलोज, पगारिया, बापचा बरामद, नौगांव, बरघाटी आदि गांव में सुबह से ही बच्चों में उत्साह देखा गया। वही सभी गांव में रंग पंचमी का जुलूस डीजे व बैंड के साथ निकल गया। जिसमें सभी लोगों ने जमकर रंग गुलाल उड़ाया। वही ग्राम खाचरोद में रंग पंचमी का जुलूस श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य मार्ग से होता हुआ बस स्टैंड पर जाकर कार्यक्रम संपन्न हुआ।